(c) the action initiated. Government in this regard;

(d) the steps taken to stop the killings of such animals there; and

(e) the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Yes, Sir.

(b) The State Government have re ported poaching of nine elephants since January, 1994.

(c) to (e) The Cnief Widlife Warden has issued instruction to field officers to trengthen the intelligence network and also to intensify patrolling in the Simili-pal Tiger Reserve to check poaching activities.

ब्रिटेन में हिन्दू मंदिर को बन्द किया जाना

2074. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ब्रिटेन के पू हर्त फोर्डशायर स्थित एक हिन्दू मंदिर को बन्द किया जा रहा है जिससे ब्रिटेन और भारत में रहने वाले हिन्दुओं में असंतोष और चिंता व्याप्त है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इसमें हस्तक्षेप कर संबद्ध अधिकारियों से इस समस्या का सौहादपूर्ण और संतोषजनक ढंग से समाधान करने के लिये अनुरोध करने का विचार रखती है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री (सलमान खुर्शीद): (क) सरकार को इस बात की जानकारी है कि हर्तफोर्डशायर में हिन्दू मंदिर के रूप में भक्ति वेदांत मेनौर को सतत् कार्य करने देने के बारे में मंदिर प्रबंध मंडल तथा स्थानी हर्तस्मेर परिषद के बीच बातचीत चल रही है । यू०के० में भारतीय मूल के समुदाय के लोगों द्वारा व्यक्त चिंता को देखते हुये मंदिर को बन्द करने से संबद्ध प्रस्ताव पर निर्णय आस्थगित कर दिया गया है और हर्तस्मेर परिषद इस विषय पर अक्तूबर, 1994 में और आगे बातचीत करेगी ।

(ख) वास्तव में यह एक ऐसा मामला है जिसके संबंध में निर्णय यू०के० के कानूनी तथा राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में लिया जाना है। लन्दन स्थित द्वारा हमारा हाई कमीशन संभव सीमा तक सभी संबंधियों से अनौपचारिक संपर्क बनाये हुये है और उम्मीद है कि इस मसले का कोई सौहार्दपूर्ण हल ढूंढ लिया जायेगा ।

सौराष्ट्र में एक प्रथम क्षेत्रीय पारपत्र कार्यालय खोला जाना

2075. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान क्षेत्रीय पारपत्र कार्यालय, अहमदाबाद को सौराष्ट्र क्षेत्र से जिला-वार कितने आवेदकों के आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं और उनमें से कितने आवेदकों को पारपत्र जारी किये गये हैं ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस क्षेत्र के कितने आवेदकों के आवेदन-पत्र विचाराधीन है ;

(ग) 31 दिसम्बर, 1993 तक सौराष्ट्र क्षेत्र से पारपत्रों के लिये जिला-वार कितने नये आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं ;

(घ) क्या सरकार इस क्षेत्र की मांग को ध्यान में रखते हुये सौराष्ट्र क्षेत्र में एक पृथक पारपत्र कार्यालय खोलने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?